—2158

# न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी (अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट) जैसलमेर

( पीठासीन अधिकारी श्री परसा राम आर.ए.एस. )

मुकदमा संख्या : 49 / 2025

GCMS NO-2025/23

**प्रार्थी**

किसनाराम कडवासरा, खादय सुरक्षा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जैसलमेर।

बनाम

**अप्रार्थी**

1. श्री इमाम खां पुत्र श्री हासम खां उम्र 23 वर्ष निवासी लुणों कीबस्ती तहसील सम जैसलमेर (मालिक / विक्रेता) मैसर्स डेजर्ट डाइनिंग रिसोर्ट / हकीम खां एयरफोर्स चौराहा जैसलमेर। मो0 9982453383
2. श्री हकिम खां पुत्र खिये खां उम्र 61 वर्ष निवासी लुणों कीबस्ती तहसील सम जैसलमेर (मालिक / विक्रेता) मैसर्स डेजर्ट डाइनिंग रिसोर्ट / हकीम खां एयरफोर्स चौराहा जैसलमेर। मो0 9982453383

जुर्म अन्तर्गत धारा 26 उपधारा (II) खादय सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 व नियम 2011

उपस्थित :–

1. खादय सुरक्षा अधिकारी, जैसलमेर।
2. अप्रार्थी संख्या 01 व 02 की ओर से इमाम खान उपस्थित।

:: निर्णय ::  दिनांकः 18.06.2025

प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र खादय सुरक्षा एवम् मानक अधिनियम 2006 की धारा 26 उपधारा (II) के तहत् अप्रार्थी के विरूद्ध न्याय निर्णयन हेतु प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया व अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा दिनांक 28.02.2025 को दोपहर 01.30 पीएम पर दौरान निरीक्षणार्थ मैसर्स डेजर्ट डाइनिंग रिसोर्ट / हकीम खां एयरफोर्स चौराहा जैसलमेर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मैसर्स डेजर्ट डाइनिंग रिसोर्ट / हकीम खां एयरफोर्स चौराहा जैसलमेर पर श्री इमाम खां पुत्र श्री हासम खां उम्र 23 वर्ष निवासी लुणों कीबस्ती तहसील सम जैसलमेर (विक्रेता) कारोबार कर रहा था जिसका विक्रेता होना बताया। उसको अपना परिचय देकर व परिचय पत्र दिखाकर उससे खादय अनुज्ञापत्र दिखाने को कहा तो उसने खादय अनुज्ञापत्र व आधार कार्ड की प्रति प्रस्तुत की जिसकी छाया प्रतियां संलग्न है। प्रार्थी ने मौके पर निरीक्षणार्थ दुकान के अन्दर दही (लूज) रखा मिला जिसके मिलावट का संदेह होने पर नमूने लेने वास्ते विक्रेता को कहा एवं मौके पर फार्म संख्या 5 ए की प्रति तैयार कर गवाहन व स्वयं के हस्ताक्षर करवाकर फार्म संख्या 5 ए की एक प्रति मौके पर मालिक विक्रेता को दी और प्राप्ति रसीद ली जो प्रार्थना पत्र में संलग्न है। तत्पश्चात दही (लूज) 1200 ग्राम के नमूने वास्ते तोल कर दिया, जिसके पेटे 50/– रूपये नगद देकर गवाहन, विक्रेता एवं स्वयं के हस्ताक्षर कर रसीद प्राप्त की जो संलग्न है। खरीद सुदा दही (लूज) को चार भागों में विभक्त कर चार खाली शिशियों में डाला तथा डालकर चारों शिशियों को अच्छी तरह से बंद किए। मौके पर लेबल तैयार कर प्रत्येक नमूना भाग पर चिपकाएं एवं लेबलों पर डीओ कोड एवं सीरियल नम्बर एन–2158 दर्ज किया। प्रत्येक लेबल पर स्वयं ने

न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जैसलमेर

हस्ताक्षर किये एवं विक्रेता एवं गवाहन के हस्ताक्षर करवाये। और शिशियों को अलग अलग
खाकी कागज में लपेट कर प्रत्येक भाग पर डीओ जैसलमेर की हस्ताक्षर सुधा पेपर स्लिप
एन–2158 नियमानुसार चारों नमूनो पर नीचे से उपर तक गोंद से चिपकाकर प्रत्येक नमूना
भाग को पेपर स्लिप उपर धागे से बांधकर नियमानुसार चार–चार जगह द्वारा सील से मोहर
चपडी किया। प्रत्येक नमूना भाग पर विक्रेता एवं गवाहन के हस्ताक्षर नियमानुसार इस प्रकार
करवाये कि पेपर स्लिप व रेपर दोनो पर हस्ताक्षर करवाये एवं स्वयं ने खाद्य पदार्थ का
विवरण एन–2158 दही (लूज) लिख कर हस्ताक्षर किये। चारों नमूनों भागो को अपने कब्जे
में लिया एवं मौके पर मौका फर्द रिपोर्ट तैयार कर विक्रेता एवं गवाहो को मौके पर पढ़ाकर
सुनाकर समझाकर हस्ताक्षर करने को कहा जो उन्होने पढ़कर सुनकर समझकर सही मान
कर हस्ताक्षर किये एवं मैनें स्वयं ने मौका फर्द पर हस्ताक्षर किये। जो न्याय निर्णयन आवेदन
के साथ संलग्न है। प्रार्थी ने कार्यालय पहुचकर फार्म नम्बर 06 की 06 प्रतियां तैयार की
और प्रत्येक पर वह नमूना सील इम्प्रेशन लगाई जिससे नमूना सील किया। एक नमूना भाग
मय फार्म नम्बर 06 की आउटर कवर में सील बन्द कर सील मोहर कर खाद्य विश्लेषक
जयपुर को हरिसिंह होमगार्ड के द्वारा दिनांक 03.03.2025 को जमा कराकर रसीद प्राप्त की
जो न्यायनिर्णयन आवेदन के साथ संलग्न है। दो फार्म नम्बर 06की प्रति अलग से लिफाफे
में बन्द कर चपडी से सील मोहर कर खाद्यविश्लेषक जोधपुर को जमा कराकर फार्म संख्या
06 की पुस्त पर रसीद प्राप्त की जो न्यायनिर्णयन आवेदन के साथ संलग्न है। शेष दो सील
बन्द नमूना भाग मय फार्म नम्बर 6 की दो प्रतियां के आउटर कवर में सील बन्द कर तथा
नमूने का चौथा भाग डीओ एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जैसलमेर को दिनांक
28.02.2025 को जमा कराकर रसीद प्राप्त की जो न्यायनिर्णयन आवेदन के साथ संलग्न है।
प्रार्थी को डीओ एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जैसलमेर के पत्र क्रमांक 4609
दिनांक 26.03.2025 के द्वारा ज्ञात हुआ कि खाद्य विश्लेषक खाद्यसुरक्षा एवं मानक
प्रयोगशाला राज. जोधपुर से प्राप्त जांच रिपोर्ट संख्या L.S./771/Act/2025/784 दिनांक 26.
03.2025 अनुसार उक्त नमूना सबस्टेण्डर्ड पाया गया जिनकी जांच रिपोर्ट न्यायनिर्णयन
आवेदन के साथ संलग्न है। प्रार्थी ने पत्रावली कागजात पेश करने के बाद श्रीमान अभिहित
अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जैसलमेर ने पत्र क्रमांक /एफएसएसए
/2025/स्वीकृति/एन–2158/6767 दिनांक 11.05.2025 के द्वारा आवेदक खाद्यसुरक्षा
अधिकारी को उक्त केस में न्यायनिर्णयन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्राधिकृत किया। उक्त
केस में विक्रेता श्री 1. इमाम खां पुत्र श्री हासम खां उम्र 23 वर्ष निवासी लुणों कीवस्ती
तहसील सम जैसलमेर (विक्रेता) मैसर्स डेजर्ट डाइनिंग रिसोर्ट/हकीम खां एयरफोर्स चौराहा
जैसलमेर 2. श्री हकिम खां पुत्र खिये खां उम्र 61 वर्ष निवासी लुणों कीवस्ती तहसील सम
जैसलमेर (मालिक/विक्रेता) मैसर्स डेजर्ट डाइनिंग रिसोर्ट/हकीम खां एयरफोर्स चौराहा
जैसलमेर के द्वारा सबस्टेण्डर्ड दही (लूज) का विक्रय करके खाद्यसुरक्षा एवं मानक अधिनियम
2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 की उप धारा 2 (II) का उल्लघंन किया है। जिसका
जुर्माना खाद्यसुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 51 में निर्धारित
है। प्रार्थी ने निवेदन किया कि अप्रार्थीगण को अधिक से अधिक जुर्माना से दण्डित करने की
कृपा करें जिससे दिन प्रतिदिन दैनिक जीवन में हो रही मिलावट पर अंकुश लग सकें।

अप्रार्थी सं. 01 एवं 02 की ओर से प्राप्त जवाब के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है अप्रार्थी
ने बताया कि ग्रामीण क्षैत्र के गौपालकों से गाय के दूध से निर्मित खाद्य सामग्री दही
(लूज)को विक्रय हेतु रखा गया था इसमें किसी भी प्रकार की हेराफेरी नहीं की भविष्य में
ध्यान रखकर विक्रय करने का संकल्प लिया।

दोनों पक्ष की बहस सुनी गई। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं अप्रार्थीगण द्वारा जवाब
प्रस्तुत किया गया एवं न्यायालय में हाजीर हुआ है। अवलोकन व अनुशीलन किया गया, व
प्रार्थी की बहस सुनने के पश्चात इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूँ कि खाद्यसुरक्षा एवं मानक

न्याय निर्णय अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
जैसलमेर

प्रयोगशाला, जोधपुर से प्राप्त जांच रिपोर्ट L.S./771/Act/2025/784 दिनांक 26.03.2025 अनुसार उक्त नमूना सबस्टेण्डर्ड पाया गया। अप्रार्थीगण द्वारा अपने जवाव के समर्थन मे साक्ष्य प्रस्तुत कर बताया कि उसके द्वारा किसी भी प्रकार की हेराफेरी नहीं की गई है और भविष्य में ध्यान रखकर विक्रय करने का संकल्प लिया।

अतः खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 की धारा 51 के तहत जुर्माने के हेतु मनन किया गया। पत्रावली पर स्पष्ट तथ्य नहीं है कि अप्रार्थी ने कितना व कब से अनुचित लाभ कमाया। चूंकि अप्रार्थीगण प्रथम बार दोषी पाए गए है उसको मध्य–नजर रखते हुए न्यायहित में शास्ति आरोपित की जाती है एवं भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति नहो इसकी भी चेतावनी दी जाती है। अप्रार्थीगण द्वारा कारित दोषपूर्ण कृत्य की गम्भीरता तथा इसके आमजन के स्वास्थ्य पर पडने वाले नकारात्मक प्रभाव को देखते हुए हमारे विनम्र अभिमत में प्रकरण में अधिकतम विहित शास्ति अधिरोपित किया जाना विधि संगत एवं उचित होगा, जिसे अप्रार्थी संख्या 01 से 02 पर संयुक्त रूप से शास्ति राशी 2500/–पच्चीस सौ अक्षरे रूपये मात्र की शास्ति आरोपित की जाती है।

साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जैसलमेर को निर्देश दिये जाते है कि वे उक्त राशि अप्रार्थी से वसूल कर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मद ''0210–चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य, 04–लोक स्वास्थ्य, 800 अन्य प्राप्तियां, (03) खाद्य सुरक्षा कानून के अन्तर्गत अनुज्ञापत्र शुल्क आदि'' में जमा करवा कर चालान की प्रति इस न्यायालय में प्रस्तुत करें। अप्रार्थीगणों द्वारा यदि उक्त निर्णय दिनांक के एक माह पश्चात् यानि निश्चित समयावधि में शास्ति शुल्क जमा नहीं करवाया जाता है तो खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 की धारा 96 के तहत उनके लाईसेन्स को निलम्बित कर भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूली की कार्यवाही की जावें।

निर्णय आज दिनांक 18.06.2025 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(परसा राम)
न्याय निर्णयन अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,जैसलमर
दिनांक 1/7/2025

क्रमांकःकोर्ट/2025/846-52.
प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. मुख्य जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जैसलमेर
2. श्री प्रवीण चौधरी, खादय सुरक्षा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जैसलमेर।
3. श्री इमाम खां पुत्र श्री हासम खां उम्र 23 वर्ष निवासी लुणों कीबस्ती तहसील सम जैसलमेर (मालिक/विक्रेता) मैसर्स डेजर्ट डाइनिंग रिसोर्ट/हकीम खां एयरफोर्स चौराहा जैसलगेर। मो0 8949835507
4. श्री हकिम खां पुत्र खिये खां उम्र 61 वर्ष निवासी लुणों कीबस्ती तहसील सम जैसलमेर (मालिक/विक्रेता) मैसर्स डेजर्ट डाइनिग रिसोर्ट/हकीम खां एयरफोर्स चौराहा जैसलगेर। मो0 9982453383

न्याय निर्णयन अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,जैसलमर